राष्ट्रपति पुरस्कार के लिये कोडरमा के अरकोशा और कंझाटांड़ गाँवों का चयन

चर्चा में क्यों?

26 फरवरी, 2023 को मीडिया से मिली जानकारी के अनुसार झारखंड के कोडरमा ज़िले में संचालित जल शक्ति अभियान के तहत 'कैच द रेन' के लिये कोडरमा के जरगा पंचायत स्थित कंझाटांड़ और सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त ग्राम के लिये मरकच्चो के अरकोशा पुनर्वास गाँव का चयन राष्ट्रपति पुरस्कार के लिये किया गया है।

प्रमुख बिंदु

- दोनों गाँवों को देश का प्रतिष्ठित पुरस्कार 3 और 4 मार्च को नयी दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम के दौरान देश की राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के हाथों मिलेगा।
- उल्लेखनीय है कि कोडरमा ज़िले के उपायुक्त आदित्य रंजन के नेतृत्व में ज़िला प्रशासन ने केंद्र और राज्य सरकार की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं को धरातल पर उतारने में महत्त्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है।
- ज़िले में नीलांबर पीतांबर जल समृद्धि योजना, बिरसा आम बागवानी योजना, कृषि विभाग से संचालित विभिन्न योजनाओं में कई उल्लेखनीय कार्य किया गया है। इसके अलावा जल शक्ति मंत्रालय पेयजल एवं स्वच्छता विभाग और जल संसाधन विभाग की योजनाओं का भी बेहतर तरीके से क्रियान्वयन किया जा रहा है।
- आगामी 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर आयोजित स्वच्छता सुजल शक्ति सम्मान के लिये स्वच्छता, तरल कचरा प्रबंधन, ओडीएफ, प्लास्टिक कचरा प्रबंधन, कैच द रैन आदि योजनाओं में बेहतर कार्य करने वाली महिला प्रतिनिधि स्वच्छ ग्राही नेचुरल लीडर को सम्मानित करने के लिये बीते 5 फरवरी को ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किया गया था। इसमें ज़िले से 4 प्रतिभागियों को नामित किया गया था।
- इन प्रतिभागियों में से जल शक्ति अभियान के तहत कैच द रेन और सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त ग्राम के लिये कंझाटांड़ और अरकोशा का चयन राष्ट्रपति पुरस्कार के लिये किया गया है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/koderma-s-arkosa-and-kanjhatand-villages-selected-for-president-s-award